**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**10.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले 11 वर्षों में भारत के रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये देखना उत्साहजनक है कि भारत के लोग राष्ट्र को मजबूत करने के साझा संकल्प के साथ एकजुट हुए हैं। उन्होंने देश के लोगों के सामूहिक संकल्प और रक्षा में भारत को अधिक आत्मनिर्भर व तकनीकी उत्कृष्टता की ओर ले जाने के दृढ़ संकल्प पर गर्व व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में अनेक महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं।

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने किन्नौर ज़िले के दौरे के दूसरे दिन आज चीन सीमा के साथ लगते शिपकी–ला गांव में वन उद्यान की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने शिपकी–ला के सामरिक महत्व पर बल दिया और सेना के जवानों के साथ बातचीत की। इस बीच उन्होंने कल किन्नौर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास भी किए।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण घटासनी–शिल्हा–बधानी–भूभूजोत–कुल्लू सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री से भेंट के दौरान कहा कि पठानकोट–मनाली–लेह राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए एक वैकल्पिक मार्ग की अत्यंत आवश्यकता है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इससे करीब 55 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी और ये सड़क एक स्थाई राजमार्ग के रूप में कार्य करेगी, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने राज्य को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

**गृह मंत्रालय–मुआवजा**

सरकार जम्मू–कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान क्षतिग्रस्त मकानों के लिए अतिरिक्त 25 करोड़ रुपए का प्रावधान करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तानी गोलाबारी में

क्षतिग्रस्त मकानों के लिए अतिरिक्त मुआवजे की घोषणा की थी। गृह मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने पूरी तरह क्षतिग्रस्त मकानों के लिए दो–दो लाख रुपए और अंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए एक–एक लाख रुपए की अतिरिक्त क्षतिपूर्ति की घोषणा की थी। गृह मंत्रालय ने शीघ्रता से इसे लागू करना सुनिश्चित किया है। पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए भी समान अतिरिक्त क्षतिपूर्ति राशि दी जाएगी।

**रक्षा राज्यमंत्री**

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने बीते कल शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमांन का दौरा किया। इस दौरान उन्हें लेफि्टनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने सेना प्रशिक्षण कमांन द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत करवाया। रक्षा राज्यमंत्री ने सेना प्रशिक्षण कमान की विभिन्न पहलों की सराहना करते हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की वीरता व शौर्य का ऐतिहासिक बताते हुए इसे आतंकवाद और इसके अपराधियों के खिलाफ लड़ने के लिए भारत के दृढ़ रूख का सफल प्रदर्शन कहा। उन्होंने पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि भी की।

**एडवाईज़री**

मानसून सीजन को देखते हुए कांगड़ा जिला प्रशासन ने पर्यटकों व लोगों के लिए एहतियातन एडवाईज़री जारी की है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी शिल्पी बेक्टा ने बताया कि यदि कोई भी सैलानी खड्डों या नदी नालों में नहाते या फिर अटखेलियां करते हुए पाया जाता है तो उसके विरूद्ध डिजास्टर मेनेजमेंट एक्ट के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**डयूरिंग मानसून और डीएम एक्ट में हम एक नोटिफिकेशन निकालते हैं जहां पर लोगों को जो हमारे रनर्स हैं या जो खड्डें हैं उसमें जाने पर रोक होती है और मेन हमारा यही है कि जो भी लोग इस तरह से अवेहलना करते हुए पकड़े जाएं तो उनपर हम अंडर रेलिवेंट सैक्शन ऑफ डीएम एक्ट के तहत एफआईआर सहित केस दर्ज करेंगे।**

**पंजीकरण**

ऊना ज़िला में ड्रोन या मानव रहित हवाई वाहनों के संचालन के लिए पंजीकरण अब अनिवार्य कर दिया गया है। ऊना ज़िला दण्डाधिकारी जतिन लाल ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि सुरक्षा कारणों व सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए ये निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति, संस्था, संस्थान या सरकारी एजैंसी ड्रोन का संचालन कर रही है उन्हें आगामी 7 दिनों के भीतर अपने नजदीकी पुलिस थाने में पंजीकरण करवाने को कहा है।